# रणजीत टाइम्स

इंदौर

सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025

वर्ष 01 | अंक 304 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे


सम्पादकीय

## इंडिगो का ऑपरेशनल संकट

### यात्रियों की चिंता, सिस्टम की परीक्षा



देश की सबसे बड़ी एयरलाइन IndiGo इन दिनों अपने अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशनल संकट से जूझ रही है। हजारों यात्रियों की यात्रा योजनाएँ प्रभावित हो चुकी हैं, सैकड़ों उड़ानें रद्द या विलंबित हुईं, और एयरपोर्ट्स पर अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। सवाल यह है कि क्या यह केवल एक एयरलाइन का संकट है- या देश की उड्डयन व्यवस्था के सामने खड़े एक बड़े सिस्टम फेलियर का संकेत?

### पायलट ड्यूटी-टाइम नियमों पर विवाद और ऑपरेशन ठप

IndiGo की समस्या महज 'पायलटों की कमी' नहीं है। हाल ही में लागू हुए नाइट-ड्यूटी और रेस्ट-टाइम नियमों ने एयरलाइन के शेड्यूल को हिला दिया। जैसे-ही पायलटों ने ओवर-वर्किंग का विरोध किया, देश की सबसे बड़ी एयरलाइन की रीढ़ कुछ घंटों में हिल गई। यह बताता है कि सिस्टम में मानव संसाधन प्रबंधन और प्लानिंग कितनी कमजोर है।

### सबसे बड़ा नुकसान-आम यात्री

एयरपोर्ट्स पर यात्रियों की लाइनें लंबी हो गईं। कई लोग शादी, मेडिकल इमरजेंसी, इंटरव्यू और बिजनेस मीटिंग से चूक गए। सबसे चिंताजनक यह रहा कि यात्रियों को समय पर सूचना नहीं मिली, कई जगह रिफंड और री-शेड्यूल को लेकर भ्रम की स्थिति बनी रही। यह वह समय है जब एयरलाइन को संकट-प्रबंधन (crisis management) और पारदर्शिता दिखानी चाहिए थी- परंतु यह सबसे कम दिखाई दी।

### सरकारी दखल-अस्थायी राहत

DGCA और नागरिक उड्डयन मंत्रालय को रात-ड्यूटी नियम अस्थायी रूप से हटाने पड़े। सरकार ने फेयर-कैप लगाया ताकि टिकट महंगे न हों और रिफंड तुरंत जारी करने का आदेश दिया। यह कदम जरूरी थे, पर सवाल यह भी है9क्या इतने बड़े फैसले पहले नहीं लिए जा सकते थे, ताकि नागरिकों को परेशानी न झेलनी पड़े?

सिस्टम की सबसे बड़ी सीख- IndiGoजैसीएयरलाइनजबलड़खड़ाती है, तो पूरा उड्डयन तंत्र हिल जाता है। यह दर्शाता है किः एयरलाइंस में ओवर-स्ट्रेच्ड स्टाफ एक बड़ा खतरा है पायलटों पर बढ़ता वर्क-लोड लंबे समय से अनदेखा किया जा रहा था यात्रियों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मजबूत नीति की जरूरत है

अब क्या करना होगा? (रणजीत टाइम्स की राय)

1. पायलट और टेक्निकल स्टाफ पर अत्यधिक दबाव रोका जाए
2. फ्लाइट रद्द होने पर 100% पारदर्शिता और रियल-टाइम अपडेट अनिवार्य किए जाएं
3. क्लियर टाइमलाइन देकर भरोसा लौटाया जाए
4. एयरलाइन को यात्रियों को क्षतिपूर्ति (compensation) पर भी सोचना चाहिए
5. संकट-प्रबंधन सेल को स्थायी बनाया जाए

निष्कर्ष- IndiGo का यह संकट केवल एक एयरलाइन की कहानी नहीं है- यह उस सिस्टम की कहानी है, जो तेज़ी से बढ़ तो रहा है, पर उसे उतनी ही तेज़ी से सुधार और संतुलन की भी आवश्यकता है। यात्री इस देश की उड्डयन व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी सुरक्षा, सुविधा और अधिकार सर्वोपरि हैं-और रहेंगे।

आपका गोपाल गावंडे
मुख्य संपादक, रणजीत टाइम्स

## सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाई से तेज़ी से घटा है नक्सली दायरा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### जो कानून की राह अपनाते हैं, उनके पुनर्वास की चिंता सरकार करेगीआत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों को प्रदान की संविधान की प्रति मुख्यमंत्री ने की पुलिस अधिकारियों ओर जवानों की हौसला अफजाई



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नक्सलवाद के सफ़ाये की दिशा में एक बड़ी सफलता मिली है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के समक्ष बालाघाट में रविवार को 10 नक्सलियों ने आत्म समर्पण किया, जिनमें 4 महिला नक्सली भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उन्हें संविधान की प्रति प्रदान कर मुख्यधारा से जोड़ा। आत्म समर्पण करने वाले नक्सलियों ने अपने हथियार मुख्यमंत्री को सौंपे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप सरकार तक मध्यप्रदेश को नक्सल मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि एक भी व्यक्ति को हथियार उठाने की अनुमति नहीं है। मुख्यमंत्री ने नक्सलियों से आह्वान किया कि वे सरकार की पुनर्वास नीति अपनाएं। सरकार उनके जीवन को सुरक्षित करने, विकास सुनिश्चित करने और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों और जवानों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि एंटी नक्सल अभियान को लगातार सशक्त और सुदृढ़ किया जा रहा है। प्रदेश में 15 नवीन अस्थायी कैंप और विशेष सहयोगी दस्ता के 882 पद स्वीकृत किए गए हैं। सतत निगरानी, सघन जांच और कार्रवाइयों से प्रदेश में नक्सली दायरा तेज़ी से घटा है। उन्होंने कहा कि पुनर्वास के लिए नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पिछले वर्ष 46 एकल सुविधा केंद्र खोले गए। इन केंद्रों के माध्यम से रोजगार, वन अधिकार पत्र और अन्य आवश्यक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## सहजयोग किसी भी प्रकार के व्यसन से मुक्ति दिलाने में सहायक है

एकाग्रचित्त होकर सहजयोग ध्यान करने से मन शांत होता है और जीवन के ध्येय को पूरा करने में सहायक होता है। प्रत्येक मनुष्य सहजयोग के माध्यम से अपने जीवन का ही नहीं बल्कि अपने आसपास के समाज का उत्थान मात्र 10 मिनिट सुबह और शाम ध्यान करके कर सकता है तथा अपना जीवन सार्थक बना सकता है। यदि कोई मनुष्य किसी भी प्रकार के व्यसन से ग्रसित है तो वह भी प्रत्येक व्यसनों से सहजयोग के माध्यम से मुक्ति पा सकता है। यह सब संभव होता है श्री माताजी के समक्ष आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति से जो कि कुंडलिनी जागरण द्वारा प्राप्त होता है। कुंडलिनी के संदर्भ में श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में बताया है कि, "पहला मूलभूत सच यह है कि हम सभी में, चाहे हम गोरे, काले, भूरे, पीले या किसी भी रंग के हों, किसी भी संप्रदाय से हों, किसी भी देश के हों,



हम सब के अंदर एक ही चीज़ है, और वह है कुंडलिनी, यह शक्ति जो आपके अंदर है। यह कुंडलिनी भेद-भाव नहीं करती। केवल हम लोग ही मानसिक स्तर पर ऐसा भेद-भाव करते हैं, कि यह ऐसा है और वह वैसा है, और हमारी अलग अलग जड़ें हैं। यह हमारा मन है, जो हमें थोड़ा भटकाता है। लेकिन आप कहीं भी जाएं, कुंडलिनी आपकी माँ हैं, और यह आपकी व्यक्तिगत माँ हैं, परमात्मा की ये शक्ति आप सब के अंदर प्रतिबिंबित है।" (प.पू. श्री माताजी 15 जून 1999)

जब मनुष्य की शुद्ध इच्छा जागृत होती है तभी परमात्मा (श्री माता जी) की कृपा से कुण्डलिनी का जागरण होता है। कुण्डलिनी शक्ति के जागरण के पश्चात् नियमित ध्यान से साधक आर्थिक, पारिवारिक, शारिरिक अथवा व्यापारिक सभी समस्याओं से मुक्ति पा सकता है और मानव से महामानव बन कर स्वयं को, अपने परिवार को व समाज को समृद्ध और शक्तिशाली बना सकता है। सहजयोग से संबंधित जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं यह पूर्णतया निशुल्क है।

# उज्जैन में 5162वीं गीता जयंती पर भव्य आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, विद्वानों ने गीता के जीवन–प्रबंधन स्वरूप पर रखे विचार

उज्जैन। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन में गीता जयंती के पावन अवसर पर एक भव्य और व्यापक स्तर का आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न भागों से आए विद्वानों, शिक्षा–विशेषज्ञों और आध्यात्मिक शोधकर्ताओं ने एकत्रित होकर गीता के ज्ञान को आधुनिक समय में लागू करने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। यह आयोजन विश्वविद्यालय के औषधि संस्थान और भारत अध्ययन केन्द्र द्वारा ऋषिहूड विश्वविद्यालय सोनीपत के सहयोग से आयोजित किया गया था, जिसकी योजना और संचालन जेएनआईबीएम, आंतरिक नवाचार प्रकोष्ठ और सतत विकास लक्ष्य प्रकोष्ठ द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. अर्पण भारद्वाज और ऋषिहूड विश्वविद्यालय के कुलगुरु एवं सह–संस्थापक प्रोफेसर (डॉ.) शोभित माथुर ने की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने गीता को भारतीय चिंतन की शिखर कृति बताते हुए कहा कि आज की शिक्षा और जीवन प्रणाली में इसके सिद्धांतों के समावेश से समाज अधिक संतुलित, जागरूक और आत्म–निष्ठ बन सकता है।




मुख्य वक्ता के रूप में ऋषिहूड विश्वविद्यालय के मानव विज्ञान केन्द्र के निदेशक प्रोफेसर डॉ. संपदानंद मिश्रा ने उपस्थित श्रोताओं को संबोधित करते हुए कहा कि गीता वास्तव में जीवन–प्रबंधन का सर्वश्रेष्ठ शास्त्र है, जिसमें व्यक्ति की मानसिक स्थिरता, कर्म की निष्ठा और जीवन के उतार–चढ़ाव में संतुलन बनाए रखने की अद्भुत क्षमता विकसित करने की शक्ति है। उन्होंने यह भी कहा कि आज जब दुनिया तेज़ी से बदल रही है, तब गीता के सिद्धांत व्यक्ति को भीतर से सशक्त, शांत और विवेकी बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। दूसरे मुख्य वक्ता पश्चिम रेलवे इंदौर के मुख्य विधि सहायक श्री रजनीश कुमार श्रीवास ने सहज योग और गीता के संबंध को समझाते हुए कहा कि सहज योग ध्यान मनुष्य को आत्मबोध प्रदान करता है और गीता उस आत्मबोध को जीवन के व्यवहार में उतारने की दिशा दिखाती है। उन्होंने कहा कि गीता को केवल धार्मिक ग्रंथ के रूप में नहीं बल्कि एक ऐसे व्यवहारिक मार्गदर्शक के रूप में देखा जाना चाहिए, जो जीवन के हर चरण में सही निर्णय लेने की बुद्धि प्रदान करता है।

कार्यक्रम में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा, प्रबंधन अध्ययन संकाय के निदेशक डॉ. धर्मेंद्र मेहता, तथा औषधि संस्थान के डीन एवं विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. कमलेश दशोरा भी उपस्थित रहे, जिनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक गरिमापूर्ण बना दिया। इस भव्य आयोजन में कुल 104 विद्वानों ने सहभागिता की और गीता दर्शन, योग, औषध विज्ञान, भारतीय ज्ञान प्रणाली और आधुनिक शिक्षा व्यवस्था के विषयों पर विस्तार से विचार–विमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में भारत अध्ययन केन्द्र के निदेशक डॉ. सचिन राय ने सभी उपस्थित अतिथियों, विद्वानों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसा आयोजन न केवल ज्ञान–विस्तार का माध्यम है बल्कि यह भारतीय परंपरा और आधुनिक शोध को जोड़ने वाली महत्त्वपूर्ण कड़ी भी है। कार्यक्रम का संचालन एसएआईएमएस की सहायक प्राध्यापक डॉ. गौरैया चिंचलकर और सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान के डॉ. प्रवीण खिरवडकर द्वारा अत्यंत सहज और प्रभावी ढंग से किया गया, जिसके कारण पूरा कार्यक्रम सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

# पटवारी नामान्तरण के लिये

## 25000 लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**प्रेमचंद गुप्ता**

महानिदेशक लोकायुक्त श्री योगेश देशमुख व उप पुलिस महानिरीक्षक श्री मनोज कुमार सिंह के भ्रष्टाचार के विरूद्ध सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश पर इंदौर लोकायुक्त इकाई की ट्रेप कार्यवाही आवेदक श्री बच्चू चौहान पिता श्री अमरसिंह चौहान उम्र 32 वर्ष व्यवसाय-खेतीबाडी निवासी ग्राम खारिया तहसील महेश्वर जिला खरगोन आरोपी श्री छतरसिंह चौहान पिता स्व. श्री मंगत सिंह चौहान उम्र-55 वर्ष पद-पटवारी हल्का नम्बर 24, 25 टप्पा मण्डलेश्वर तहसील मण्डलेश्वर जिला खरगोन निवासी-वर्तमान श्री निवास कॉलोनी मरदानिया ग्राम जलूद पंचायत खरगोन मूल निवासी ग्राम सीनखेडा तहसील व जिला खरगोन

रिश्वत राशि 25,000/-

विवरणः आवेदक ग्राम खारिया तहसील महेश्वर जिला खरगोन का रहने वाला है तथा खेतीबाडी करता है। आवेदक ने अपनी पत्नी श्रीमती रिंकू चौहान के नाम से खसरा नम्बर 7/1/2 के कुल रकबा 3.035 हेक्ट. भाग की कृषि भूमि 1.50 लाख एवं आवेदक के भाई श्री किशोर चौहान ने आवेदक की भाभी श्रीमती अनिता चौहान के नाम से खसरा नम्बर 7/1/2 के कुल रकबा 3.035 हेक्ट. भाग की कृषि भूमि 1.50 लाख रुपये में दिनांक 29. 09.2025 को कय की थी। आवेदक एवं उसके भाई द्वारा खरीदी गई कृषि भूमि के नामांतरण हेतु रजिस्ट्रीयों की छायाप्रतियां आवेदक द्वारा पटवारी श्री छतरसिंह चौहान को दी गई। आवेदक एवं उसके भाई द्वारा कय कृषि भूमि के नामांतरण किये जाने के एवज में आरोपी श्री छतरसिंह चौहान, पटवारी हल्का नम्बर 24, 25 टप्पा मण्डलेश्वर तहसील मण्डलेश्वर जिला जिला खरगोन द्वारा आवेदक से 1,00,000/- रू. रिश्वत की मांग की गई। आवेदक द्वारा राशि कम करने का निवेदन करने पर आरोपी 50,000/- रू. में नामांतरण करावा देने के लिये राजी हो गया। आवेदक द्वारा जिसकी शिकायत श्री राजेश सहाय, पुलिस अधीक्षक, विपुस्था, लोकायुक्त कार्यालय इंदौर को की गई। सत्यापन में शिकायत सही पाये जाने पर आज दिनांक 05.12.2025 को ट्रेपदल का गठन किया गया। आरोपी श्री श्री छतरसिंह चौहान, पटवारी हल्का नम्बर 24. ग्राम खारिया तहसील महेश्वर जिला खरगोन को आवेदक से प्रथम किश्त की राशि 25,000/- रू. रिश्वत राशि लेते हुये रंगे हाथो पकडा गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 7 के अंतर्गत कार्यवाही जारी है। ट्रेपदल कार्यवाहक उपुअ श्री आनंद चौहान, कार्यवाहक प्रआर श्री रणजीत द्विवेदी, आरक्षक श्री विजय कुमार, आरक्षक श्री सतीश यादव, आरक्षक पवन पटोरिया, आरक्षक आशीष नायडू एवं आरक्षक श्री चन्द्रमोहन बिष्ट।



# थाना पलासिया नगरीय पुलिस इंदौर की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" का सौदागर आरोपी शुभम बोरासी पिता मुकेश बोरासी गिरफ्तार

**खुशबू श्रीवास्तव**

आरोपी के कब्जे से लगभग 8.13 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 1,00,000/- रुपए) जप्त पलासिया पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व पकड़े गए आरोपी आदित्य बोरासी को आरोपी शुभम बोरासी पिता मुकेश बोरासी करता था ब्राउन शुगर सप्लाई आरोपी शुभम बोरासी पिता मुकेश बोरासी पर पूर्व में भी है कई प्रकरण दर्ज।



इंदौर - शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालो एवं इन गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों की पतारसी कर प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह सर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम श्रीमान पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 3 सर, श्रीमान अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महोदय जोन 3, श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त संयोगितागंज महोदय सर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पलासिया श्री सुरेंद्र सिंह रघुवंशी के नेतृत्व में थाना पलासिया टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में थाना पलासिया टीम के द्वारा थाना पलासिया अंतर्गत कुछ दिन पूर्व अवैध ब्राउन शुगर के साथ पकड़े आरोपी आदित्य बोरासी को सप्लाई करने वाले आरोपी की लगातार पातासजी की जा रही थी आरोपी बड़ी ग्वाल टोली निवासी होकर आसपास के क्षेत्र में लगातार ब्राउन शुगर सप्लाई कर था पुलिस टीम की सघन चेकिंग क दौरान उक्त व्यक्ति पुलिस को देखकर घबरा गया जिसको पुलिस ने पकड़ा नाम पता पूछा तो अपना नाम शुभम बोरासी पिता मुकेश बोरासी उम्र 28 साल निवासी 371 बड़ी ग्वालटोली इंदौर का होना बताया संदिग्ध पाए जाने पर तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से अवैध रूप से लगभग 8.13 ग्राम ब्राउन शुगर मौके पर बरामद की गई आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर थाने अपराध क्रमांक 452/25 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत् पंजीबद्ध कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। आरोपी का नाम - शुभम बोरासी पिता मुकेश बोरासी उम्र 28 साल निवासी 371 बड़ी ग्वालटोली इंदौर जब्त माल का विवरण : - 8.13 ग्राम "ब्राउन शुगर" कीमत करीबन 1,00,000/- रुपए सराहनीय भूमिका ----थाना प्रभारी पलासिया निरीक्षक सुरेंद्र रघुवंशी, सहायक उप निरीक्षक सुधीर शर्मा, प्रधान आरक्षक इमरत, प्रधान आरक्षक रिंकू, प्रधान आरक्षक अभिषेक सेंगर।

# वैश्विक समरसता केवल व्यापार और समृद्धि का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कृति-संवर्धन का सशक्त समन्वयक भी है - डॉ. भरत शर्मा''

नीदरलैंड से ग्लोबल इंडियन ऑर्गेनाइजेशन और इंडो-यूके फ़ोरम के चेयरमैन राजिंदर तिवारी रियान के साथ मध्यप्रदेश में भोपाल, सीहोर, ग्वालियर और इंदौर से आये प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. भरत शर्मा, सदस्य - संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, ने नेतृत्व में मुलाक़ात कर भारतीय इकाइयों द्वारा निर्मित उत्पाद, जैविक खेती, भारतीय आयुर्वेदिक पदार्थों को वैश्विक व्यापार के अवसर प्रदान करने और भारतीय सांस्कृतिक संवर्धन और विश्व में इसके प्रचार और प्रसार के विषय पर विस्तार से संभावनाओं पर चर्चा की गई। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में महत्त्वाकांक्षी प्रकल्प "मेक इन इंडिया" अभियान एक नई व्यावसायिक और वैश्विक रोज़गारोत्तपन्न परियोजना का कारक बन गया है । भारत द्वारा निर्मित उत्पाद विश्व स्तर पर भारी आयात और निवेश के लिए निवेशकों और स्टार्टअप संस्थाओं को अपनी व्यापारिक क्षमताओं से आकर्षित कर रहा है। उल्लेखनीय है कि यूके, यूरोप, अमेरिका, अफ्रीका, हॉलैंड, दुबई और जापान से लगभग ३०० लोगो का डायस्पोरा इंदौर में राजेंद्र तिवारी रियान के संगठन ग्लोबल इंडियन एसोसिएशन के माध्यम से आया है जो



भारतीय व्यापारिक और सांस्कृतिक संवर्धन और विकास के लिए कृतसंकल्पित है।

राजेन्द्र तिवारी से मुलाक़ात कर प्रदेश के व्यापारिक और औद्योगिक संगठन के प्रतिनिधियों में विस्तृत चर्चा कर संभावनाओं की तलाश कर डॉ भरत शर्मा के इस सार्थक वैश्विक समागम की पहल को सराहा। आपने कहा कि भारत विश्व में तेज गति से प्रगति करने वाला देश बन कर उभरा है और वैश्विक मुद्रास्फीति की २०२५ में संभावित दर ४.४% है। ऐसे में भारतीय बाज़ार की तरफ़ विश्व बड़ी आशा से व्यापारिक और सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से देख रहा है। आपने जैविक खेती और भारतीय मूल में प्राचीलित कृषि, जीवन शैली और सांस्कृतिक विविधता के साथ विश्वगुरु बनने के भारत की सार्थकता पर अपनी सहमति व्यक्त की है । डॉ. भरत शर्मा ने कहा कि हमारी वैश्विक समरसता केवल व्यापारिक अवसरों और आर्थिक समृद्धि तक सीमित नहीं रहती, वह तो विभिन्न सभ्यताओं के बीच सांस्कृतिक संवर्धन और आदान–प्रदान का भी सशक्त सेतु बनती है। अर्थशास्त्र, नीतिशास्त्र, साहित्यिक एवं विविध विषयों पर भारतीय वेद, शास्त्र और आध्यात्मिक दृष्टिकोण और सांस्कृतिक ज्ञान का महत्व वैश्विक समरसता व्यापार और समृद्धि का मार्ग तो प्रशस्त करती ही है, साथ ही वह संस्कृति-संवर्धन के सूक्ष्म सूत्रों को जोड़ने वाली अनिवार्य धुरी भी बन जाती है। राजेंद्र तिवारी का स्वागत डॉ भरत शर्मा द्वारा किया गया और आभार शिक्षाविद डॉ राजीव झालानी (प्राध्यापक-माहेश्वरी महाविद्यालय, और अध्यक्ष - निजी महाविद्यालय संगठन) द्वारा किया गया।उक्त अवसर पर भोपाल से जनजातीय उत्थान के लिए कार्यरत कंचन किशोर, स्टार्टअप इंडिया कें लिए कार्यरत लगभग ५००० लोगो से अधिक को प्रशिक्षण दे चुके आर्थिक प्रगट, ग्रामीण विकास से जुड़ी मोनिका कर्णावत, आईआईटी इंदौर में आई टी विभाग की डीन रीमा सुखीजा, फार्मास्यूटिकल उद्योग के उद्योगपति अंकुश बाहेती विशेष रूप से मौजूद रहे।

# अवैध मादक पदार्थ

आरोपी के कब्जे से लगभग 11.36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 1,20,000/- रुपए) जप्त आरोपी ने पूछताछ में सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बिक्री करना कबूला। अपराध क्रमांक- 209/2025 , धारा- 8/22

घटना स्थल- सिलिकॉन स्वस्तिक गेट नंबर 3 धार रोड इंदौर

आरोपियो के नाम -

1.जफर पिता मौजूद खान निवासी चंदननगर

2.शाहनवाज पिता रियाजुद्दीन निवासी चंदन नगर इंदौर

जब्त माल का विवरण : - 11.36 ग्राम एमडी कुल अंतर्राष्ट्रीय कीमत 1,20,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी करने



के दौरान शहर के सिलिकॉन स्वास्तिक गेट नंबर 3 धार रोड इंदौर क्षेत्र में दो व्यक्ति सड़क के किनारे स्कूटी के साथ खड़े दिखे जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगे जिससे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लगे जिसे घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम जफर पिता मौजूद खान निवासी चंदननगर एवं शाहनवाज पिता रियाजुद्दीन निवासी चंदन नगर इंदौर का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेते 11.36 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD मौके से जप्त की गई। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया

पुलिस कार्यवाही -

आरोपियो ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अधिक लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर 'MD' इंदौर शहर में बेचता था। आरोपियो से 11.36 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 209/25 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।



Sahnawaj



Jafar

## क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की कार्यवाही में अवैध मादक पदार्थ "MD" के साथ आरोपी गिरफ्तार

आरोपी के कब्जे से लगभग 11.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "MD" (अंतराष्ट्रीय कीमत करीबन 1,20,000/- रुपए) जप्त । आरोपी ने पूछताछ में सस्ते दामों पर मादक पदार्थ खरीदकर शहर में नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर बिक्री करना कबूला। आरोपी समीर ई रिक्शा दिहाड़ी वेतन पर चलाने का कार्य करता है एवं 10वीं तक ही पढ़ाई की है। अपराध क्रमांक- 210/2025 , धारा- 8/22 घटना स्थल- दलाल बाग मैदान के पास इंदौर

आरोपी के नाम - समीर हुसैन निवासी बड़ा गणपति इंदौर

जब्त माल का विवरण : - 11.90 ग्राम एमडी व एक दोपहिया वाहन कुल मश्रूका कीमत 1,60,000/- रुपए

घटना का विवरण :- इंदौर शहर में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में क्राईम ब्रांच टीम के द्वारा लगातार अवैध मादक पदार्थ के क्रय–विक्रय व इनकी गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो के संबंध मे गोपनीय रुप से आसूचना संकलन कर प्रभावी कार्यवाही की जा रही है । इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम के द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्धों की तलाश पतारसी करने के दौरान शहर के दलाल बाग मैदान के पास इंदौर क्षेत्र में एक व्यक्ति सड़क के किनारे खड़ा दिखा जो कि गतिविधि से संदिग्ध लगा जिससे पूछताछ करने पर पुलिस को देख घबराने लगा जिसे घेराबंदी कर रोका। पुलिस द्वारा नाम पता पूछने पर अपना नाम समीर हुसैन नि बड़ा गणपति इंदौर का होना बताया। जिसकी विधिवत तलाशी लेते 11.90 ग्राम अवैध मादक पदार्थ MD एवं एक दोपहिया वाहन मौके से जप्त की गई। आरोपी को अग्रिम वैधानिक कार्यवाही हेतु गिरफ्तार कर अपराध पंजीबद्ध किया गया।




### पुलिस कार्यवाही

आरोपी ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि अवैध लाभ अर्जित करने की मंशा से सस्ते में मादक पदार्थ खरीदकर नशे के आदी लोगों को अधिक दामों पर इंदौर शहर में बेचना कबूला है । आरोपी से 11.90 ग्राम "MD" जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 210/25 धारा 8/22 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं ।

# प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली पर कार्रवाई: 3 टन मछली की नष्ट, महाराष्ट्र के 2 आरोपी गिरफ्तार

**नरसिंहपुर।** पूरे भारत देश में प्रतिबंधित थाई मांगुर मछली का परिवहन करने पर मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। बीती देर रात को दो पिकअप वाहन में भरकर नागपुर से नर्मदापुरम थाई मांगुर मछली ले जाई जा रही थी। जिसे पुलिस ने महाराष्ट्र के 2 आरोपी को गिरफ्तार कर मछली को खड्डा खोदकर नष्ट कर दिया है।

**थाई मांगुर मछली पकड़ने, खाने और परिवहन पर प्रतिबंध-** बता दें कि भारत सरकार के द्वारा थाई मांगुर मछली के पकड़ने, खाने और परिवहन करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है। इसके बावजूद भी लोग मुनाफा कमाने के चलते इस मछली का व्यापार करते हैं। और इस तरीके की



अवैध व्यापार पर लगाम लगाने के लिए नरसिंहपुर एसपी के द्वारा विशेष मुहिम चलाई जा रही है। इसी मुहिम के चलते नरसिंहपुर पुलिस को यह सफलता मिली है।

**दो आरोपी पकड़े-** नरसिंहपुर पुलिस ने दो पिकअप वाहनों से लगभग तीन टन मछली जब्त कर दो लोगों पर मामला पंजीबद्ध कर लिया है। वहीं पकड़ी गई मछली को सुरक्षित जगह पर ले जाकर नष्ट कर दिया गया है। पकड़े गए आरोपी सतीश परिहार और सतीश गौर निवासी नागपुर महाराष्ट्र पर मामला दर्ज कर पुछताछ की जा रही है। जानकारी कविता चौरसिया एडीएम मत्स्य विभाग नरसिंहपुर ने दी।

# मंडला में भीषण सड़क हादसा : सरिये से लदा ट्रक पलटा, 3 की मौत

**मंडला।** मध्यप्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने से सड़क हादसे हो रहे है। ताजा मामला प्रदेश के मंडला जिले का है, जहां नेशनल हाईवे 30 पर सरिया से लदा अनियंत्रित ट्रक के पलटने से तीन लोगों की मौत हो गई है। घटना अंजनिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत अहमदपुर चौराहा पर देर रात करीब 1.00 बजे की बताई गई है।



## ट्रक राजगढ़ का व पिकअप वाहन जबलपुर की

जानकारी के अनुसार एक बिगड़ी पड़ी मटर से लदे खड़े ट्रक में रायपुर की ओर से जबलपुर जा रहा सरिया से लोडेड अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मारते हुए अहमदपुर रोड पर जाकर पलट गया द्य इस दुर्घटना में पिकअप वाहन के समीप खड़े ढाबा संचालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हुई है द्य वहीं ट्रक में सवार एक बालक और पिकअप के एक व्यक्ति के शव को रेस्क्यू कर बाहर निकाला गया है द्य हादसे के बाद सरिया ले जा रहा ट्रक का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है ट्रक राजगढ़ का व पिकअप वाहन जबलपुर की बताई जा रही है द्य

## मृतकों की शिनाख्त-

(1). अंजनिया निवासी शीतल गुप्ता,
(2). ट्रक सवार- एक बालक - शिनाख्त नहीं हो सकी .
(3). पिकअप हेल्पर - शिनाख्त नहीं हो सकी।

# बालाघाट में 10 नक्सलियों ने सीएम मोहन यादव के सामने किया सरेंडर, एके-47 और भारी गोला-बारूद भी सौंपा

**बालाघाट।** मध्य प्रदेश सरकार को नक्सलवाद के खिलाफ अभियान में एक बड़ी कामयाबी मिली है। बालाघाट में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष 10 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इसे राज्य में नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। आत्मसमर्पण करने वाले इन नक्सलियों में चार महिलाएं भी शामिल हैं। इन सभी ने समाज की मुख्यधारा में लौटने का फैसला करते हुए हथियार डाल दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस कदम का स्वागत किया है और इसे नक्सलवाद के सफाए की दिशा में एक बड़ी सफलता बताया है।

## घातक हथियारों का जखीरा सौंपा

नक्सलियों ने आत्मसमर्पण के दौरान पुलिस को भारी मात्रा में हथियार भी सौंपे हैं। इनमें अत्याधुनिक और घातक हथियार शामिल हैं। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सरेंडर करने वाले नक्सलियों ने 02 एके-47 राइफलें सौंपी हैं। इसके अलावा 02 इंसास राइफलें, 01 एसएलआर और 02 एसएसआर राइफलें भी पुलिस के हवाले की गई हैं। हथियारों के अलावा, नक्सलियों ने 07 बीजीएल सेल और 04 वॉकी-टॉकी सेट भी जमा कराए हैं। इतने बड़े पैमाने पर हथियारों का सरेंडर होना सुरक्षा बलों के लिए बड़ी राहत की बात है।

## सीएम के नेतृत्व में अभियान तेज

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार नक्सलवाद के खिलाफ लगातार सख्त रुख अपनाए हुए है। बालाघाट जिला, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्र माना जाता है, वहां पुलिस और सुरक्षा बलों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसी दबाव और पुनर्वास नीतियों के प्रभाव के चलते नक्सली हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकार की आत्मसमर्पण और पुनर्वास नीति के तहत इन सरेंडर करने वाले नक्सलियों को नियमानुसार लाभ दिया जाएगा, ताकि वे सामान्य जीवन जी सकें। सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह घटनाक्रम मनोबल बढ़ाने वाला है।

# बस स्टैंड पर ड्यूटी कर रहे पुलिस आरक्षक को बस ने कुचला, मौके पर मौत, बस चालक गिरफ्तार

**शहडोल।** बस स्टैंड में एक दर्दनाक हादसे का गवाह बना, जहां ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक को तेज रफ्तार यात्री बस ने कुचल दिया। महज कुछ ही सेकंड में हुई इस घटना से हड़कंप मच गया।

**बस चालक पुलिस हिरासत में-** दरअसल कोतवाली थाने में पदस्थ आरक्षक महेश पाठक बस स्टैंड के प्रवेश द्वार पर ड्यूटी कर रहे थे, तभी दादू एंड बस सर्विस की यात्री बस ने सामने से उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि आरक्षक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार



बस ब्यौहारी से यात्रियों को लेकर शहडोल बस स्टैंड में प्रवेश कर रही थी। हादसे के बाद बस स्टैंड में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में लोग जुट गए। सूचना मिलते ही यातायात, कोतवाली पुलिस और अतिरिक्त बल मौके पर पहुंचा। बस चालक को हिरासत में ले लिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**लंबे समय से बिना परमिट सड़कों पर दौड़ रही-** स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि दादू एंड बस सर्विस की कई बसें लंबे समय से बिना परमिट सड़कों पर दौड़ रही और आए दिन विवादों में रहती हैं। हाल ही में विभाग द्वारा बिना परमिट संचालन पर कार्रवाई भी की थी, लेकिन फिर भी बसों का संचालन जारी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि नियम का उल्लंघन पाया गया तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। एसपी रामजी श्रीवास्तव ने घटना की पुष्टि की है।

# OBC सम्मान रोकना भाजपा सरकार की घोर उदासीनता का प्रमाण - अभिनव बरोलिया, प्रदेश प्रवक्ता

**भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में प्रस्तुत पिछड़ा वर्ग कल्याण समिति (2024-25) की रिपोर्ट ने एक कड़वा सच उजागर किया है कि राज्य में पिछड़ा वर्ग के महापुरुषों के नाम से दिए जाने वाले तीन महत्वपूर्ण पुरस्कार वर्ष 2017 से लगभग बंद पड़े हैं।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभिनव बरोलिया ने भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि स्व. रामजी महाजन स्मृति सम्मान, महात्मा ज्योतिबा फुले पिछड़ा वर्ग सेवा राज्य पुरस्कार तथा सावित्रीबाई फुले राज्य पुरस्कार वर्षों से स्थगित रखना भाजपा सरकार की सोच और प्राथमिकताओं को उजागर करता है। श्री बरोलिया ने कहा कि सरकार के पास योग्य व्यक्तियों की कमी नहीं है, बल्कि सरकार की राजनीतिक प्राथमिकताओं में पिछड़ा वर्ग का सम्मान और योगदान बिल्कुल ही अप्रासंगिक बना दिया गया है। जो सम्मान समाज को प्रेरणा देने के लिए निर्मित किए गए थे वे सरकारी उदासीनता के कारण फाइलों में सिसक रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इन पुरस्कारों को शुरू करने की इच्छाशक्ति नहीं रखती तो नैतिक रूप से इन्हें औपचारिक रूप से बंद करने की घोषणा करे। यह कैसा विरोधाभास है कि चुनाव आते ही ओबीसी समाज की याद आती है, और चुनाव खत्म होते ही सम्मान, बजट और योजनाएँ सरकारी फ़ाइलों में दफन हो जाती हैं?

प्रदेश कांग्रेस का स्पष्ट मत है कि पिछड़ा वर्ग सिर्फ चुनावी वोटबैंक नहीं, बल्कि मध्य प्रदेश का गौरवशाली और रचनात्मक सामाजिक आधार है।

भाजपा सरकार का रवैया इस समुदाय के गौरव, योगदान और अस्मिता का अपमान है। श्री बरोलिया ने कहा कि कांग्रेस पार्टी सड़क से सदन तक हक्क्ष्ट के अधिकार, प्रतिनिधित्व और सम्मान की लड़ाई मजबूती से जारी रखेगी।

# दमोह में तीन नाबालिग छात्राएं लापता : घर से निकली लेकिन स्कूल नहीं पहुंचीं

**दमोह।** दमोह जिले से तीन नाबालिग स्कूली छात्राएं लापता हो गई। तीनों आपस में सहेली है। बताया जा रहा है कि ये तीनों घर से स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन विद्यालय नहीं पहुंची। जब शिक्षकों ने घरवालों से संपर्क किया तो मामले का पता चला। फिलहाल पुलिस और परिजन तलाश में जुटे हुए हैं। दमोह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सरदार पटेल स्कूल में पढ़ने वाली नौवीं क्लास की तीन नाबालिग छात्राएं लापता हो गई। परिजनों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है। तीनों छात्राएं आपस में सहेलियां हैं। एक न्यू दमोह, दूसरी धरमपुरा की रहने वाली है और तीसरी छात्रा समन्ना गांव की रहने वाली है।

## रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज खंगाले

शनिवार को तीनों अपने स्कूल नहीं पहुंचीं तो शिक्षकों ने परिजनों से संपर्क किया। पता चला कि वे स्कूल के लिए निकली थी। उम्मीद थी कि सहेली के यहां गई होगी, शाम तक लौट आएंगी। लेकिन जब नहीं लौटी तो फिर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस देर रात तक दमोह रेलवे स्टेशन पर सीसीटीवी फुटेज खंगालती रही। आशंका है कि वे ट्रेन के जरिए कहीं गई होंगी।

## तलाश जारी

दमोह सीएसपी एच आर पांडे ने बताया कि साथ में पढ़ने वाले तीन लड़कियों लापता हुई है। परिजनों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि संभावना है कि ट्रेन से कहीं गई हो। अभी कुछ कहा नहीं जा सकता। फिलहाल पुलिस लगातार छानबीन में जुटी हुई है और तीनों की तलाश कर रही है।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर मंथन का बड़ा मंच

एक दिवसीय कार्यशाला हुई। कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन, उससे जुड़ी चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कार्यशाला में राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। एमपी दूसरा राज्य जो दोबारा परीक्षा दिलाने का काम कर रहा स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा-प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशा अनुसार नहीं शिक्षा नीति का गठन किया गया।अभी भी हमें शिक्षा पर काम करने की जरूरत है। जो बच्चे शिक्षा लेने में लेट हो जाते हैं उन बच्चों को राज्य शिक्षा बोर्ड के तहत एडिशन दिलाया जा रहा है। जो बच्चे टॉपर रहे उन्हें लैपटॉप देने का काम कर रहे हैं। स्कूल जाने के लिए साइकिल उपलब्ध कराई। मध्य प्रदेश दूसरा राज्य है जो दोबारा परीक्षा दिलाने का काम कर रहा है। सिल्वर में भारत सरकार की इच्छा समेत लोकल विषयों को जोड़ने का काम कर रहे हैं। 450 रुपये में निजी स्कूल के छात्रों को कोर्स भी देने का काम कर रहे हैं। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि-राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत हमने काम करने की काफी कोशिश की। राष्ट्रीय मिशन के द्वारा अभी तक 56 प्रशिक्षण कार्यक्रम किए जा चुके आगे भी कर रहे हैं। भाषा जोड़ने का काम करती है, तोड़ने का काम नहीं करती। 13 भाषाओं को हमने महाविद्यालयों में जोड़ने का काम किया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा-मध्य प्रदेश वह प्रयोगशाला जहां सनातन धर्म का रक्षा हुआ है.. मुगलों को भी इंपैक्ट रहा है। भारत की शिक्षा नीति नई नहीं है...यह सनातन काल से ही आध्यात्मिक रही है। मैकाले प्रणाली होगी देश में या हमारी शिक्षा नीति होगी। देश में 30 करोड़ और एमपी में 1 करोड़ 35 लाख विद्यार्थी हैं.. मध्यप्रदेश की आधी आबादी स्वर्णिम आयु वर्ग में है। प्रदेश अभी युवाओं का प्रदेश है.. आने वाले 25 सालों पर ऐसा ही रहेगा.. ये आंकड़े बताते हैं..शिक्षा नीति का अब महत्व आप समझ गए होंगे। मध्य भारत में जितने वाटर बॉडी हैं..

# मेसी के दम पर इंटर मियामी ने जीता एमएलएस कप का खिताब, मुलर पर भारी पड़े अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी

**फोर्ट लॉडरडेल, एजेंसी।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी के दम पर इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर का खिताब पहली बार अपने नाम किया। इस दौरान मेसी और थॉमस मुलर के बीच प्रतिद्वंद्विता देखने मिली जिसे मेसी आगे निकल गए। अगले साल होने वाले फीफा विश्व कप से पहले लियोनल मेसी ने एक बार फिर अपना दम दिखाया और इंटर मियामी को मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई। फाइनल मुकाहला सिर्फ इंटर मियामी और वैंकूवर व्हाइटकैप्स के बीच ही नहीं था, बल्कि जर्मनी के स्टार फुटबॉलर थॉमस मुलर और अर्जेंटीना के मेसी के बीच भी एक जंग थी। मेसी और मुलर के बीच प्रतिद्वंद्विता में आमतौर पर मुलर ने ही बाजी मारी है, लेकिन इस बार अर्जेंटीनियाई खिलाड़ी आगे निकल गए।

### मेसी ने करियर की 47वीं ट्रॉफी जीती

मुलर और मेसी के बीच हुए 10 मुकाबलों में से जर्मनी के स्टार ने सात में जीत हासिल की है। मुलर की मौजूदगी में जर्मन टीम ने विश्व कप में दो बार मेसी और अर्जेंटीना को बाहर किया है।

लेकिन एमएलएस के फाइनल में अर्जेंटीना के सुपर स्टार ने इंटर मियामी को मुलर की वैंकूवर व्हाइटकैप्स पर 3-1 से जीत दिलाई। इस तरह से मेसी ने अपने करियर की 47वीं ट्रॉफी के साथ अपने तीसरे मेजर लीग सॉकर सत्र का समापन किया।

### इंटर मियामी की जीत में चमके मेसी

मेसी ने 72वें मिनट में रोड्रिगो डी पॉल को गेंद देकर गोल करने में मदद की। इसके बाद उन्होंने स्टॉपेज टाइम में एक और गोल करने में योगदान देकर इंटर मियामी को फ्रेंचाइजी इतिहास में पहली बार चैंपियनशिप दिलाई। मेसी और मुलर दोनों ही विश्व कप और चैंपियंस लीग विजेता हैं। दोनों क्लब विश्व कप विजेता भी हैं।

मेसी ने मैच के बाद कहा, तीन साल पहले मैंने एमएलएस में आने का फैसला किया और आज हम एमएलएस चैंपियन हैं। पिछले साल हम लीग में जल्दी बाहर हो गए थे लेकिन इस साल एमएलएस जीतना हमारा मुख्य लक्ष्य था।



**शूटिंग वर्ल्ड कप फाईनल:**

## विश्व कप फाइनल में रुद्रांक्ष-बबूता और इलावेनिल का निराशाजनक प्रदर्शन, पदक से चूके

**दोहा, एजेंसी।** भारतीय निशानेबाजों ने विश्व कप फाइनल में निराशाजनक प्रदर्शन किया। रुद्रांक्ष पाटिल, अर्जुन बबूता और इलावेनिल पदक नहीं जीत सके। सबसे ज्यादा निराश इलावेनिल ने किया जो फाइनल के लिए भी क्वालिफाई नहीं कर सकीं। भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल और पेरिस ओलंपिक फाइनल तक पहुंचे अर्जुन बबूता शनिवार को सत्र के आखिरी आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पदक जीतने से चूककर क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे। इलावेनिल वलारिवन भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में पिछड़ गईं। वह क्वालिफिकेशन दौर में नौवें स्थान पर रहीं और आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं।

**चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे थे रुद्रांक्ष:** 2022 के विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष ने इस सत्र में ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतकर अच्छा प्रदर्शन किया था।

वह 631.9 के स्कोर के साथ क्वालिफिकेशन दौर में चौथे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचे। बबूता ने 633.3 के स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहकर आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में रुद्रांक्ष ने 209.9 का स्कोर बनाया।



**फाइनल में जगह नहीं बना सकीं इलावेनिल:** स्वीडन के पूर्व विश्व चैंपियन विक्टर लिंडग्रेन ने 253.0 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक और 5,000 यूरो की पुरस्कार राशि जीती। पेरिस ओलंपिक में दो स्वर्ण पदक के विजेता चीन के शेंग लिहाओ ने 252.6 के स्कोर से रजत पदक और 4,000 यूरो की राशि जीती। एक और दिग्गज हंगरी के इस्तवान पेनी ने कांस्य पदक जीता। काहिरा में वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली इलावेनिल आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह नहीं बना पाईं। वह क्वालिफिकेशन में 630 के स्कोर के साथ नौवें स्थान पर रहीं। ट्रैप में विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता जोरावर संधू 12 निशानेबाजों में नौवें स्थान पर रहे। यह अनुभवी निशानेबाज शॉटगन प्रतियोगिता में भारत से एकमात्र निशानेबाज हैं।



## विराट कोहली का खुलासा, द. अफ्रीका के खिलाफ धमाकेदार पारी पर कही दिल की बात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में गजब की फॉर्म दिखाते हुए लगातार दो शतक और एक अर्धशतक जड़ा। उनकी शानदार बल्लेबाज़ी की बदौलत भारत ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया दौरे की निराशा से लौटने के बाद कोहली ने सीरीज में कुल 302 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 151.00 और स्ट्राइक रेट 117.05 रहा। कोहली ने बताया कि रांची में खेला गया पहला वनडे उनकी फॉर्म को वापस जगाने वाला मैच था। उन्होंने कहा– 'रांची का मैच मेरे लिए बहुत खास था। ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद मैंने कोई मैच नहीं खेला था। जैसे ही गेंद अच्छे से बैट पर लगनी शुरू हुई, मेरी एनर्जी सही महसूस हुई और मैंने ख़तरा लेना शुरू किया। वही गेम मुझे फिर से खोल गया।' इस मैच में कोहली ने 120 गेंदों पर 135 रन की शानदार पारी खेली थी। छक्कों पर कोहली का जवाब–'जब खुलकर खेलता हूं, तो छक्के आते हैं'.

## तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले छठे भारतीय बने यशस्वी जायसवाल



**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** अपने वनडे करियर के चौथे ही मुकाबले में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है। इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने साउथ अफ्रीका के विरुद्ध तीसरे वनडे मुकाबले में शतकीय पारी खेली, जिसके साथ वह तीनों फॉर्मेट में शतक जमाने वाले छठे भारतीय बन गए हैं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने टेस्ट फॉर्मेट में 7 शतक जमाए हैं, जबकि टी20 क्रिकेट में उनके नाम 1 शतक दर्ज है। यशस्वी जायसवाल से पहले सुरेश रैना, रोहित शर्मा, केएल राहुल, विराट कोहली और शुभमन गिल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में अपना नाम शामिल करवा चुके थे।

यशस्वी जायसवाल ने एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में 121 गेंदों का सामना किया, जिसमें 2 छक्कों और 12 चौकों के साथ 116 रन की नाबाद पारी खेली। इस दौरान उन्होंने रोहित शर्मा के साथ पहले विकेट के लिए 155 रन जुटाए, जबकि विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 116 रन की अटूट साझेदारी की।

यशस्वी जायसवाल की इस शानदार पारी के दम पर भारत ने तीसरे वनडे मुकाबले को 9 विकेट से जीतकर तीन मुकाबलों की सीरीज 2-1 से अपने नाम की। मुकाबले में टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 47.5 ओवरों में 270 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम के लिए क्विंटन डी कॉक ने 89 गेंदों में 6 छक्कों और 8 चौकों के साथ सर्वाधिक 106 रन बनाए। भारत की तरफ से प्रसिद्ध कृष्णा और कुलदीप यादव ने 4-4 विकेट निकाले। इसके जवाब में भारत ने सिर्फ 39.5 ओवरों में जीत दर्ज कर ली।

यशस्वी जायसवाल ने शतक लगाया, जबकि रोहित शर्मा ने 73 गेंदों में 10 बाउंड्री के साथ 75 रन की पारी खेली। इनके अलावा, विराट कोहली ने 45 गेंदों में नाबाद 65 रन बनाए। भारतीय टीम ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची में खेले गए पहले वनडे मैच को 17 विकेट से जीता था, जिसके बाद साउथ अफ्रीका ने रायपुर में खेले गए दूसरे वनडे मैच को 4 विकेट से अपने नाम करते हुए सीरीज में 1-1 से बराबरी कर ली थी। ऐसे में तीसरा वनडे मैच निर्णायक बन गया था।

**इंडिया-दक्षिण अफ्रीका टी-20:**

# टीम इंडिया के लिए खुशखबरी, दो मैच विनर खिलाड़ियों की वापसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने पुष्टि की है कि टी20द्ध उपकप्तान शुभमन गिल और हार्दिक पांड्या पूरी तरह फिट हैं और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 9 दिसंबर से शुरू हो रही पांच मैचों की टी20 सीरीज में खेलने के लिए तैयार हैं।



**गिल की चोट के बाद वापसी:** गिल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगी थी, जिसके चलते वे दूसरा टेस्ट और तीनों वनडे मैच नहीं खेल पाए। अब डॉक्टरों की हरी झंडी मिलने के बाद उन्हें टी20 टीम में शामिल कर लिया गया है। पोस्ट-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंभीर ने कहाः 'शुभमन तैयार हैं। इसलिए उन्हें चुना गया है। वह फिट हैं और दोबारा खेलने के लिए बेहद उत्सुक भी। हालांकि गिल टेस्ट और वनडे में शानदार प्रदर्शन करते रहे हैं, लेकिन उनकी टी20 फॉर्म चिंता का विषय बनी हुई है। 12 पारियों में सिर्फ 259 रन, औसत 28.77, स्ट्राइक रेट 143, सर्वश्रेष्ठ स्कोर 47. इन मैचों में छह बार वे 20 रन से कम पर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या की भी टीम में वापसी हो रही है। उन्होंने सितंबर 2025 में एशिया कप के दौरान अंतिम बार टी20 खेला था। इस बीच रिंकू सिंह को इस सीरीज में मौका नहीं मिला है। स्क्वॉड जारी करते समय बीसीसीआई ने कहा था कि गिल को खेलने के लिए बोर्ड के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' से अंतिम फिटनेस पास करना होगा, जिसे अब मंजूरी मिल चुकी है।

सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), संजू सैमसन (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, वाशिंगटन सुंदर।

## रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे, लिस्ट में सिर्फ 4 भारतीय

**विशाखापत्तनम, एजेंसी।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 20 हजार रन पूरे करने वाले चौथे भारतीय बन गए हैं। रोहित शर्मा ने यह मुकाम साउथ अफ्रीका के विरुद्ध शनिवार को एसीए-वीडीसीए क्रिकेट स्टेडियम में जारी तीसरे वनडे मैच में हासिल किया।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में सचिन तेंदुलकर शीर्ष भारतीय हैं, जिन्होंने 664 मुकाबलों की 782 पारियों में 48.52 की औसत के साथ 34,357 रन बनाए। वहीं, विराट कोहली 52.46 की औसत के साथ अब तक 27,910 रन बना चुके हैं। इस लिस्ट में राहुल द्रविड़ तीसरे पायदान पर हैं, जिन्होंने 504 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 45.57 की औसत के साथ 24,064 रन बनाए। रोहित शर्मा ने अंतरराष्ट्रीय करियर में 505 मैच खेले हैं, जिसमें 45 से ज्यादा की औसत के साथ 20 हजार रन पूरे किए। इस दौरान रोहित 1,900 से ज्यादा चौके और 600 से ज्यादा छक्के लगा चुके हैं। इस मुकाबले के दौरान रोहित शर्मा और यशस्वी जायसवाल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 100+ रन की साझेदारी की। यह 35वीं बार है जब रोहित वनडे फॉर्मेट में पहले विकेट के लिए शतकीय साझेदारी का हिस्सा रहे हैं। इस लिस्ट में उनके आगे सिर्फ सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 40 बार ऐसा किया है।

विशाखापत्तनम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी साउथ अफ्रीकी टीम 47.5 ओवरों में 270 रन पर सिमट गई। साउथ अफ्रीका की तरफ से क्विंटन डी कॉक ने 89 गेंदों में 6 छक्कों और 8 चौकों के साथ 106 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान टेंबा बावुमा ने 67 गेंदों में 5 चौकों के साथ 48 रन बनाए।

## फिर से बढ़ी सोने की चमक! क्या अब 1.50 लाख के पार जाएगी कीमत?

अगर आप आज ज्वैलरी खरीदने का सोच रहे हैं या सोने में निवेश करने का प्लान है, तो बाजार का हाल जानना आपके लिए ज़रूरी है. 6 दिसंबर की सुबह सराफा बाजार में मिला-जुला रुख देखने को मिला. एक तरफ सोने की चमक बढ़ गई है, जबकि दूसरी तरफ चांदी की कीमतों में थोड़ी गिरावट आई है दिल्ली में आज सोने ने नया रिकॉर्ड बना दिया. यहां 24 कैरेट सोना 1,30,000 रुपये के मनोवैज्ञानिक स्तर को भी पार कर गया. विशेषज्ञों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने की कीमतों में किसी बड़ी गिरावट की उम्मीद नहीं है. सेन्को गोल्ड के MD और CEO सुवंकर सेन का कहना है कि अगर ग्लोबल मार्केट का सपोर्ट मिलता रहा, तो सोना जल्द ही 1.50 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम का स्तर भी पार कर सकता है।

बाजार खुले, सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई. राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव चढ़कर 1,30,090 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है. वहीं, आभूषण बनाने के लिए ज्यादा इस्तेमाल होने वाले 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,260 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई है। देश के अन्य महानगरों की बात करें, तो मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में भाव दिल्ली के मुकाबले थोड़े कम हैं, लेकिन वहां भी तेजी बरकरार है. इन शहरों में 22 कैरेट सोने का भाव 1,19,110 रुपये और 24 कैरेट का भाव 1,29,940 रुपये प्रति 10 ग्राम चल रहा है. जयपुर, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे उत्तर भारत के प्रमुख शहरों में कीमतें दिल्ली के बराबर ही बनी हुई हैं. यानी, अगर आप उत्तर भारत में खरीदारी कर रहे हैं, तो आपको अपनी जेब थोड़ी ज्यादा ढीली करनी पड़ सकती है।

### चांदी ने दी राहत

जहां सोने में आग लगी है, वहीं चांदी ने आज थोड़ी राहत दी है. सोने की चाल से बिल्कुल उलट, 6 दिसंबर की सुबह चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई. घरेलू बाजार में चांदी लुढ़ककर 1,86,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है वैश्विक बाजार की बात करें तो चांदी का हाजिर भाव 58.17 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है. चांदी में आई यह गिरावट उन लोगों के लिए एक अच्छा मौका हो सकती है

# जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने मतदाताओं से किया सीधा संवाद





## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया एसआईआर कार्यों का निरीक्षण, ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर ली जानकारी

**महेन्द्र मालवीय
रणजीत टाईम्स**

बुरहानपुर/ जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण- 2026 अंतर्गत कार्यों की प्रगति की समीक्षा के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने शनिवार को ग्राम पंचायत अम्बा का दौरा किया। उन्होंने स्थल पर पहुंचकर अब्सेंट, पलायन एवं अन्य मतदाताओं की स्थिति का सूचीवार विस्तृत अवलोकन किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने गांव में भ्रमण कर मतदाताओं से सीधे संवाद किया और यह जानकारी ली कि उनके नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हैं या नहीं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने बताया कि मतदाता सूची को सुदृढ़ और शुद्ध करने का कार्य तेजी से जारी है और प्रत्येक पात्र मतदाता का नाम सूची में जोड़ना हमारी प्राथमिकता है। ग्राम अम्बा के बाद उन्होंने फाल्या मलगांव का निरीक्षण किया। यहां ग्रामीणों से चर्चा करते हुए उन्होंने नाम जोड़ने-हटाने की प्रक्रियाओं की जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने निरीक्षण के दौरान नो मैपिंग की स्थिति की भी जांच की और इस संबंध में तहसीलदार एवं बीएलओ को आवश्यक निर्देश दिए कि सभी प्रविष्टियां समय पर और सही रूप से सुनिश्चित की जाएं।

इसके पश्चात् देर शाम जिला निर्वाचन अधिकारी श्री हर्ष सिंह ने बोरी बुजुर्ग क्षेत्र के पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर चल रहे एसआईआर कार्यों का अवलोकन किया। उन्होंने दल को निर्देश दिए कि हर पात्र मतदाता तक पहुंचकर डेटा का सत्यापन करें और विशेष पुनरीक्षण कार्य को पूर्ण पारदर्शिता के साथ समय सीमा में पूरा करें। विदित है कि जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह के मार्गदर्शन में जिले में एसआईआर कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया गया है और निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों व निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जा रहा है। बुरहानपुर जिले ने डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय सीमा से पूर्व ही पूरा कर लिया हैं। इस कार्य हेतु समय-सीमा 11 दिसंबर, 2025 निर्धारित की गयी है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नेपानगर श्री भागीरथ वाखला, तहसीलदार, सुपरवाईजर, बीएलओ, सचिव सहित अन्य उपस्थित रहे। मतदाता सूची को पारदर्शी, सटीक और अद्यतन बनाने की दिशा में जिला प्रशासन प्रयासरत् हैं। ''मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की आधारशिला है, इसलिए इसकी शुद्धता और पूर्णता सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है।''

# सशक्त पत्रकार समिति के राष्ट्रीय पत्रकार महासम्मेलन में मध्य प्रदेश मीडिया संघ की सहभागिता, प्रदेश अध्यक्ष ने दिया लिखित सहमति पत्र

**महेन्द्र मालवीय/
रणजीत टाईम्स**



बुरहानपुर। सशक्त पत्रकार समिति द्वारा आयोजित होने वाले राष्ट्रीय स्तरीय पत्रकार महासम्मेलन "नेशनल मीडिया मीट" को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में मध्य प्रदेश मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे रविवार को बुरहानपुर पहुंचे, जहां उन्होंने नेशनल मीडिया मीट में व्यक्तिगत रूप से तथा अपने संगठन की ओर से पूर्ण सहभागिता निभाने हेतु लिखित सहमति पत्र सशक्त पत्रकार समिति के प्रदेश अध्यक्ष उमेश जंगाले को सौंपा। ठाकरे ने मौखिक रूप से भी घोषणा की कि वे स्वयं और उनकी समर्पित टीम तन-मन-धन, आर्थिक एवं शारीरिक रूप से इस भव्य आयोजन को सफल बनाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने कहा कि नेशनल मीडिया मीट स्वतंत्र पत्रकारिता को मजबूत करने का महत्वपूर्ण मंच है, और मध्य प्रदेश मीडिया संघ पूरी प्रतिबद्धता के साथ सहयोग करेगा। वहीं उमेश जंगाले ने बताया कि मध्य प्रदेश के बड़े संगठनो का इस आयोजन में शामिल होना हर्ष और गौरव का विषय है। इससे कार्यक्रम के बेहद सफल होने की उम्मीद और भी प्रबल हो गई है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्षजयवंत ठाकरे ने सशक्त पत्रकार समिति द्वारा पूर्व में आयोजित स्टेट मीडिया मीट की सफलता के लिए समिति के वरिष्ठ पदाधिकारियों का प्रशंसा पत्र भेंट कर पुष्पमाला से सम्मान किया। सम्मानित होने वालों में प्रमुख रूप से —प्रदेश मार्गदर्शक संजयसिंह शिंदे, प्रदेश वरिष्ठ संरक्षक नितिन इंगले, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जाधव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण केलदे, प्रदेश महासचिव गोपाल सावनेर, प्रदेश महामंत्री संतोष चौधरी, प्रदेश महामंत्री रविंद्र इंगले, इंदौर संभाग महामंत्री तौकीर आलम , जिला सहसचिव रिफत अंसारी, और जिला कोषाध्यक्ष भगवानदास शाह उपस्थित रहे।इस दौरान उपस्थित पत्रकारों ने भी जयवंत ठाकरे का पुष्पमाला पहनाकर गरिमा के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया।

## दिल्ली से उपलब्धि हासिल कर महू लौटने पर देवा का हरि फाटक पर भव्य स्वागत किया गया

**जितेन्द्र वर्मा**

महू के मोहन टॉकीज क्षेत्र में रहने वाले देवा अशोक वर्मा ने दिल्ली में आयोजित नेशनल मसल मेनिया इंडिया 2025 चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन किया है। देवा ने मॉडल फिटनेस कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि मेंस फिजिक्स स्पर्धा में पांचवां स्थान हासिल किया। अपनी इस सफलता पर देवा ने बताया कि इस मुकाम तक पहुंचने में उनके कोच मोहम्मद दानिश खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने उन्हें जीतोड़ मेहनत कर तैयार किया। साथ ही उन्होंने अपने माता-पिता के सहयोग और आशीर्वाद को भी अपनी सफलता का आधार बताया। दिल्ली से उपलब्धि हासिल कर महू लौटने पर देवा का हरि फाटक पर भव्य स्वागत किया गया। उनके परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने फूल-मालाओं से देवा का अभिनंदन किया और उनकी उपलब्धि पर बधाइयां दीं। देवा अशोक वर्मा की इस सफलता से पूरे महू क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शहरवासियों और खेल प्रेमियों ने उनकी मेहनत और लगन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# अनिका शर्मा के लिए जीवनदायिनी अपील इंदौर से लेकर पूरे देश तक सहायता का आग्रह






इंदौर। शहर की मासूम बेटी अनिका शर्मा गंभीर बीमारी से जूझ रही है और उसके इलाज के लिए लगभग 9 करोड़ रुपये के जीवन रक्षक इंजेक्शन की आवश्यकता है। यह इंजेक्शन उसके जीवन को बचाने की उम्मीद बनकर सामने आया है, परंतु इसकी भारी लागत साधारण परिवार की पहुँच से बाहर है। इसी संवेदनशील क्षण में, एसथेटिक इंटरनेशनल ब्यूटी एजुकेटर सावी उपाध्याय ने आगे बढ़कर इंदौर सहित मध्यप्रदेश के हर जिले और देश के सभी राज्यों के नागरिकों से भावनात्मक अपील की है।

उन्होंने कहा कि-"अनिका सिर्फ एक बच्ची नहीं, बल्कि हर परिवार की बेटी है। हम सभी मिलकर यदि छोटा-सा योगदान भी दें तो उसकी जिंदगी में बड़ी उम्मीद का प्रकाश जगा सकते हैं। मेरी सभी से विनम्र प्रार्थना है कि इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए आगे आएं और मानवता की मिसाल पेश करें।" सावी उपाध्याय ने समाजसेवी संगठनों, कॉर्पोरेट घरानों, चैरिटेबल ट्रस्ट, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित आम नागरिकों से निवेदन किया है कि वे अनिका के इलाज में आर्थिक सहयोग प्रदान करें ताकि समय पर इलाज संभव हो सके। उन्होंने मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और सामाजिक नेटवर्क के माध्यम से इस अभियान को आगे बढ़ाने की भी बात कही, ताकि अधिक से अधिक लोग इस पुनीत कार्य से जुड़ सकें।

# महापरिनिर्वाण दिवस पर महापौर एवं विधायक डॉ. सिकरवार ने किया बाबा साहब को नमन



## सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

दिव्यानंद अर्गल

ग्वालियर :- संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर आज विधायक डॉ. सतीश सिकरवार एवं महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने बाबा साहब की फूलबाग परिसर स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सिकरवार ने अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि बाबा साहब ने समता मूलक समाज को आगे बढ़ाने का कार्य किया। बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलकर कांग्रेस ने हमेशा दलित, शोषित, पीड़ित वर्ग के उत्थान के लिए अग्रणी भूमिका का निर्वाह किया। इस मौके पर पुष्पांजली अर्पित करने वालों पूर्व अध्यक्ष जिला कांग्रेस डॉ. देवेन्द्र शर्मा, एम.आई.सी मेम्बर अवधेश कौरव, पार्षद केदार बरहादिया, पार्षद प्रमोद खरे, पार्षद अंकित कठठ्ल, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद जैन, अनूप शिवहरे, देवेन्द्र चौहान, पूर्व पार्षद रामअवतार जाटव, जसवंत शेजवार, सतेन्द्र नागर, महेश कुशवाह, महेन्द्र शर्मा 'विक्की', अभय कुमार सिंह, शाहरूख पठान आदि सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

# होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस समारोह आयोजित हुआ

दिलीप पाटीदार

धार। होमगार्ड, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन विभाग मध्यप्रदेश का स्थापना दिवस समारोह शनिवार को होमगार्ड कार्यालय मांडव लिंक रोड धार में पुलिस अधीक्षक श्री मयंक अवस्थी के मुख्य आतिथ्य एवं अपर कलेक्टर श्री संजीव केशव पांडेय की विशिष्ट अतिथि में मनाया गया। इस अवसर पर होमगार्ड के दो प्लाटून एवं सिविल डिफेंस वालंटियर के दो प्लाटूनों के द्वारा परेड का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि को परेड के द्वारा सलामी दी गई। बाद मुख्य अतिथि के द्वारा परेड निरीक्षण किया गया व परेड के द्वारा मार्च पास्ट किया। कमांडर के द्वारा परेड को समीक्षा क्रम की कार्यवाही की इसके बाद मुख्य अतिथि के द्वारा महामहिम राष्ट्रपति, गृहमंत्री एवं डायरेक्टर जनरल होमगार्ड मध्य प्रदेश के संदेशों का वाचन किया गया। इस दौरान वर्ष के दौरान बाढ़ आपदा ड्यूटी के दौरान अच्छे कार्य करने वालों को प्रेस प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया एवं मेधावी छात्र-छात्राओं को चेक प्रदाय कर सम्मानित किया। इस अवसर पर गौरव सोलंकी वाहन चालक को 25 हजार रूपये, श्री अभिजीत पंवार सैनिक को 7 हजार 500 रूपये, कु. वैष्णवी सोलंकी सैनिक व कुशाग्र सेन हवलदार/स्टोरमेन को 3-3 हजार रूपये से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर होमगार्ड परिवार के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद सिविल डिफेंस वालंटियर एवं होमगार्ड की टुकड़ी के बीच रस्सा कशी का आयोजन रखा। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित समस्त कार्यों का आम जनता के द्वारा एवं होमगार्ड के उपस्थित सभी सदस्यों के द्वारा सराहना की गई।



अंत में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट श्री आर पी मीना के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित जिले के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं मीडिया कर्मियों का वह उपस्थित होमगार्ड के सभी परिवार जनों का आभार प्रकट किया।

जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा! अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

# इंदौर में 55 लाख की क्रिप्टो ठगी का बड़ा खुलासा, अमेरिकी क्रिप्टोकरंसी में इन्वेस्टमेंट का लालच देकर 65,000 USDT उड़ाने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

इंदौर। अमेरिकी क्रिप्टोकरंसी में तेज मुनाफा कमाने का सपना दिखाकर 55 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर ठग आखिरकार राज्य सायबर सेल, इंदौर की पकड़ में आ गए। यह मामला उस समय सामने आया जब इंदौर में प्रॉपर्टी का काम करने वाले एक व्यापारी को प्लॉट की डील से प्राप्त बड़ी राशि से गाड़ी खरीदनी थी, लेकिन इसी दौरान आरोपी गिरोह ने उसे लालच देकर क्रिप्टो इन्वेस्टमेंट के जाल में फंसा लिया। आरोपियों ने पहले तो पीड़ित को यह भरोसा दिलाया कि अमेरिकी क्रिप्टोकरंसी यानी USDT में निवेश कर उसकी रकम दोगुनी कर दी जाएगी, और फिर नकद राशि लेकर उसी के सामने 65,000 USDT उसके ट्रस्ट वॉलेट में खरीदवाए। इस पूरी प्रक्रिया के बाद एक आरोपी मुर्तजा नकद राशि लेता था और दूसरे आरोपी ताहिर महूवाला से USDT खरीदवाकर ट्रांसफर करवाता था। दोनों आरोपी हर लेनदेन पर अपना कमीशन काटते थे और पीड़ित को लगातार विश्वास में रखते रहे।

ठगों ने इसके बाद पीड़ित को "कॉइन ऑथेंटिकेटर" नाम की एक फर्जी लिंक भेजकर कहा कि इस लिंक पर क्लिक कर वह अपने USDT को वेरिफाई कर सकता है। जैसे ही पीड़ित ने लिंक खोली, उसके ट्रस्ट वॉलेट में मौजूद पूरे 65,000 USDT कुछ ही पलों में दूसरे वॉलेट में ट्रांसफर कर दिए गए। पीड़ित ने जब अपने वॉलेट का बैलेंस देखा तो उसके होश उड़ गए, क्योंकि पूरी क्रिप्टोकरंसी गायब हो चुकी थी। ठगी की गंभीरता को देखते हुए राज्य सायबर सेल, इंदौर ने तुरंत कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 206/2025 दर्ज किया और धारा 318(4), 319(2) बीएनएस तथा IT Act की धारा 66D के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की प्रकृति जटिल होने के बावजूद निरीक्षक अंजू पटेल, उप निरीक्षक रामप्रकाश बाजपेई और आरक्षक रमेश भिड़े की टीम ने तकनीकी विश्लेषण, वॉलेट ट्रांजैक्शन की निगरानी और मोबाइल डेटा की जांच करते हुए आरोपियों तक पहुंच बनाई।

जांच में पता चला कि ठगी की पूरी चाल आरोपी मुर्तजा शैफी, निवासी खातीवाला टैंक, इंदौर और उसके साथी ताहिर महूवाला, निवासी राउ, इंदौर ने मिलकर रची थी। साइबर टीम ने दोनों को पकड़कर कड़ी पूछताछ की, जिसमें मुर्तजा ने स्वीकार किया कि उसने ही पीड़ित से 55 लाख रुपये नकद लिए और ताहिर से 65,000 USDT पीड़ित के वॉलेट में ट्रांसफर करवाया। ठगी के बाद दोनों आरोपी आपस में कमीशन बांटते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि पीड़ित को भेजी गई लिंक एक फिशिंग लिंक थी, जिससे उसके वॉलेट की प्राइवेट की एक्सेस होकर पूरी क्रिप्टोकरंसी दूसरे वॉलेट में भेज दी गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों से अपराध में उपयोग किए गए मोबाइल फोन, सिम कार्ड और व्हाट्सएप चैट भी जब्त कर ली है, जिनसे पूरे नेटवर्क का खुलासा होने की संभावना है। गिरफ्तार आरोपियों में 48 वर्षीय मुर्तजा शैफी और 22 वर्षीय ताहिर महूवाला शामिल हैं, जिन्हें साइबर सेल ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पकड़ा। इस मामले में राज्य सायबर सेल झोन इंदौर के पुलिस अधीक्षक और उप पुलिस अधीक्षक ने विशेष रुचि लेकर कार्रवाई का मार्गदर्शन किया। टीम में निरीक्षक अंजू पटेल, सउनि रामप्रकाश बाजपेई, आरक्षक रमेश भिड़े, आरक्षक मोहित तोमर और आरक्षक नितिन सिसौदिया ने सराहनीय भूमिका निभाई। यह कार्रवाई न केवल साइबर अपराधियों के लिए एक बड़ा संदेश है, बल्कि उन निवेशकों को भी सतर्क करती है जो डिजिटल करेंसी के नाम पर तेजी से धन बढ़ाने के लालच में ऐसे जाल में फंस जाते हैं।

# वैदिक ज्ञान आत्मसात करेंगे युवा, गांव-मुहल्लों में होगी वेद पूजा

**प्रयागराज (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान ने समाज में मूल्यों की स्थापना के लिए कुछ प्रयास शुरू किए हैं। इसी दिशा में दिसंबर में संगठन के स्वयंसेवक अपने आसपास के मंदिरों में नई पीढ़ी के लोगों को ले जाएंगे। उनसे वेद पूजन कराया जाएगा। इसका महत्व भी उन्हें समझाया जाएगा। संगठन ने आध्यात्मिक, प्रबुद्ध, शिक्षाविद एवं सेवाभावी लोगों के जरिए मूल्य निर्माण से नव भारत निर्माण में सहयोग का आह्वान किया है। युवा पीढ़ी को जीवन मूल्यों में प्रशिक्षित करने वाले शिक्षकों की कार्यशाला भी जुलाई व अगस्त में प्रदेशभर में कराई जाएगी। प्रत्येक वार्ड व गांव में प्रकृति वंदन के तहत वृक्षारोपण के साथ प्रतिदिन पौधों को पानी देने का अभियान चलाया जाएगा। समाज में छह सिद्धांतों के आधार पर संस्कारों को विकसित करने की मुहिम शुरू हो रही है।

- आरएसएस शुरू करेगा मुहिम, सेवा संस्थान ने शुरू किया प्रयास




### सामूहिक संपूर्ण वंदेमातरम् गान समारोह 16 को

हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान के क्षेत्र संयोजक अमरनाथ के अनुसार 16 दिसंबर को राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सामूहिक संपूर्ण वंदेमातरम् गान समारोह होने जा रहा है। सुबह 10 बजे भारत स्काउट एंड गाइड इंटर कालेज में बड़ी संख्या में विद्यार्थी एकत्र होंगे। इस मौके पर पद्मश्री डा. सोमा घोष विशिष्ट अतिथि रहेंगी जबकि मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य होंगे।

### मंदिरों में वेद पूजन के आयोजन होंगे

इसके बाद गांव व मुहल्लों के अलग-अलग मंदिरों में वेद पूजन के आयोजन होंगे। साथ ही विभिन्न प्रकार के शपथ भी दिलाने की तैयारी है। नई पीढ़ी से शपथ में कहलवाया जाएगा कि मैं वनों के प्रतीक रूप में वृक्षों का सम्मान करूंगा। वन्य जीवों के प्रतीक नागों अर्थात सर्पों, जीवित प्राणियों के प्रतीक रूप में गायों, प्रकृति के प्रतीक गंगा का सम्मान करूंगा। पर्यावरण के प्रतीक धरती माता, मानवीय मूल्यों के प्रतीक अभिभावकों, शिक्षण के प्रतीक अध्यापक का, मातृत्व के प्रतीक स्त्री का और भारत के प्रतीक रूप में युद्ध नायकों का सम्मान करूंगा। इसके अतिरिक्त हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान की ओर से सेवा कार्यों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

# भारत के भविष्य को नई दिशा देगी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

### राज्यपाल पटेल बोले-इसका मूल स्वभाव 'समग्रता' है

**भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल के मुख्य आतिथ्य और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन, चुनौतियां एवं संभावनाएं विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में राष्ट्रगान की धुन के साथ आरंभ हुई। कार्यशाला में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर विशेष रूप से उपस्थित थीं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि मध्यप्रदेश को शिक्षा परिवर्तन की दिशा में देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नीति की दिशा,




लक्ष्य और समन्वित कार्य संस्कृति के द्वारा प्रयास करने होंगे। युवाओं के द्वारा प्रदेश और देश समाज को बदलने के विश्वास का प्रतीक राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 है। यह भारत के भविष्य को नई दिशा देने की दूरदर्शी कार्ययोजना है, जिसका मूल स्वभाव 'समग्रता' है। उन्होंने नीति के लक्ष्यों समग्र शिक्षा, समग्र विकास और समग्र राष्ट्र-निर्माण से जुड़ी चुनौतियों और मध्यप्रदेश की विशेष परिस्थितियों में उपलब्ध संभावनाओं पर प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सामूहिक विचार की पहल की सराहना की।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण का है आधार: सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश, देश में अग्रणी है। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केवल शैक्षणिक सुधार न मानकर राज्य के कौशल, नवाचार और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों में कुलपतियों को कुलगुरु संबोधन देकर हमने प्राचीन गुरुकुल आदर्श को आधुनिक व्यवस्था से जोड़ा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विश्व में जिन भी महापुरुषों ने समय की धारा को बदला है, उन महापुरुषों के व्यक्तित्व विकास में गुरुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। गुरु के रूप में महर्षि विश्वामित्र ने श्रीराम की दक्षता क्षमता को निखारने में योगदान दिया। जिसके बल पर पर प्रभु श्रीराम ने स्वयंवर और रावण वध पर अपने पराक्रम और पुरुषार्थ का परिचय दिया। भगवान श्रीकृष्ण के विराट स्वरूप में भी आचार्य सांदीपनि का योगदान रहा। सम्राट विक्रमादित्य द्वारा स्थापित सुशासन व्यवस्था में उनके द्वारा देशभर से जोड़े गए विद्वानों और नव रत्नों का सहयोग रहा।

# स्मृति मंधाना-पलाश मुछाल की शादी कैंसिल

- स्मृति ने लिखा-मामले को यहीं खत्म करना चाहती हूं, अब आगे बढ़ने का वक्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेटर स्मृति मंधाना और सिंगर पलाश मुछाल की शादी कैंसिल हो गई है। स्मृति और पलाश ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी लगाकर इसकी जानकारी दी। दोनों की शादी 23 नवंबर को होनी थी। संगीत से लेकर हल्दी के कार्यक्रम हो चुके थे। बारात की तैयारियां चल रही थीं। ऐसे में 23 नवंबर की सुबह स्मृति के



पिता को हार्ट अटैक आने के बाद शादी पोस्टपोन कर दी गई थी। शादी टलने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें फैलने लगीं। दावा किया गया कि पलाश ने स्मृति के साथ धोखा किया है और उनका नाम वेडिंग कोरियोग्राफर से जोड़ा गया। इसी बीच, स्मृति ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से शादी से जुड़ी सभी तस्वीरें हटा दी थीं। स्मृति ने पोस्ट में लिखा- पिछले कुछ हफ्तों से मेरी निजी जिंदगी को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं, इसलिए मुझे लगा कि इस समय मुझे खुद इस बारे में बात कर देनी चाहिए। मैं बहुत निजी स्वभाव की इंसान हूं और अपनी प्राइवेसी बनाए रखना चाहती हूं, लेकिन यह साफ करना जरूरी है कि शादी अब कैंसिल हो गई है। मैं चाहती हूं कि यहीं इस मामले को खत्म कर दिया जाए और आप सभी से भी यही अनुरोध है कि इस विषय को आगे न बढ़ाएं।

# वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ पर संसद में आज होगी चर्चा

- लोकसभा में पीएम मोदी करेंगे शुरुआत, 10 घंटे का वक्त तय

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संसद का शीतकालीन सत्र चल रहा है। वहीं, वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने पर 8 दिसंबर को संसद में खास बहस का आयोजन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय गीत से जुड़े कई अहम और ऐतिहासिक तथ्यों को सदन में रखा जाएगा, जिनके बारे में बहुत कम लोगों के पता है। समाचार एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के



हवाले से बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार की दोपहर 12 बजे लोकसभा में बहस की शुरुआत करेंगे। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ अंतिम भाषण के साथ बहस का समापन करते नजर आएंगे।

### कांग्रेस के 8 नेता भी बोलेंगे किया गया वक्त निर्धारित

संसद में वंदे मातरम पर बहस के दौरान कांग्रेस के 8 नेता भी सदन में अपनी बात रखेंगे। इस लिस्ट में लोकसभा के उप नेता प्रतिपक्ष गोरव गोगोई, प्रियंका वाड्रा, दीपेंद्र हुड्डा, बिमोल अकोइजाम, प्रणीति शिंदे, प्रशांत पडोले, चमाला रेड्डी और ज्योत्सना महंत का नाम शामिल है। बता दें कि संसद के शीतकालीन सत्र का आगाज 1 दिसंबर से हुआ था, जो 19 दिसंबर तक चलेगा। वहीं, 7 नवंबर को राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई थी। बंकिम चंद्र चटर्जी द्वारा रचित वंदे मातरम को पहली बार 7 नवंबर 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में प्रकाशित किया गया था।

# चर्चा में भारत का पहला 'वाइल्ड लाइफ सेफ हाईवे'

### एनएचएआई ने नरसिंहपुर-जबलपुर के बीच बनाया अनोखा कॉरिडोर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में भोपाल-जबलपुर नेशनल हाईवे पर नरसिंहपुर-जबलपुर के बीच दो किलोमीटर की 4 लेन सड़क की देशभर में चर्चा हो रही है। वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा से होकर गुजरने वाली सड़क पर वन्य प्राणियों की सुरक्षा और वाहनों की स्पीड को नियंत्रित रखने के लिए एक्सीडेंटल जोन में 'रेड कलर' से 'टेबल टॉप मार्किंग' की गई है, जिस कारण यह मार्ग अनूठा और ड्रोन व्यू से देखने पर गजब का नजारा पेश कर रहा है। करीब दो किलोमीटर की यह सड़क राजमार्ग चौराहे से बेलखेड़ा के बीच आने वाले ब्लैक स्पॉट को खत्म कर बनाई गई है। भोपाल-जबलपुर नेशनल हाईवे पर नरसिंहपुर-जबलपुर के बीच वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व की सीमा से होकर गुजरे नेशनल हाईवे पर वन्य



प्राणियों और मुसाफिर वाहनों की होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एनएचएआई आथॉरिटी ने शानदार प्रयोग किया गया है। संभवतः पहली दफा अनूठा और तकनीक आधारित प्रयोग किया गया है। इसमें 'टेबल टॉप रेड मॉर्किंग' की गई है। इससे वाहनों में हल्के से जर्क लगते हैं और स्पीड नियंत्रित रहती है। फिलहाल यह प्रयोग करीब दो किलोमीटर के वन्य प्राणी से भरे पहाड़ी इलाके में किया गया है।

### टेबल टॉप मार्किंग का उद्देश्य गति नियंत्रण सुरक्षित सफर

नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर अब सफर और भी सुरक्षित होने जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने लगभग 2 किलोमीटर के वन्यजीव संवेदनशील हिस्से में एक अनूठा और तकनीक-आधारित प्रयोग किया है, जिसका उद्देश्य दुर्घटनाओं को कम करना और वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही बनाना है।